# IPL-12: मुंबई सुपर-ओवर में जीता; हैदराबाद को 7 गेंदों में मात दी



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**नई दिल्ली:** इंडियन टी20 लीग (आईपीएल) के 12वें सीजन में गुरुवार को दूसरा सुपर-ओवर खेला गया. यह मुकाबला रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई (Mumbai Indians) और केन विलियम्सन के हैदराबाद (Sunrisers Hyderabad) के बीच हुआ. इस बेहद रोमांचक मुकाबले में मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए पांच विकेट पर 162 रन बनाए. हैदराबाद ने इसके जवाब में छह विकेट पर 162 रन बनाए. मैच टाई होने के बाद नतीजे के लिए सुपर-ओवर (Super Over) खेला गया. जानिए इस सुपर-ओवर में क्या-क्या हुआ.

सुपर-ओवर के लिए दोनों टीमों को तीन-तीन बल्लेबाज और एक-एक गेंदबाद चुनना था. हैदराबाद ने बल्लेबाजी की जिम्मेदारी मनीष पांडे, मोहम्मद नबी और मार्टिन गुप्टिल को सौंपी और गेंदबाज के तौर पर राशिद खान को चुना. मुंबई ने गेंदबाज के तौर पर जसप्रीत बुमराह को चुना. बल्लेबाजी के लिए हार्दिक पांड्या और कीरोन पोलार्ड उतरे. इन दोनों ने ही मैच जिता दिया. इसलिए तीसरे बल्लेबाज की जरूरत नहीं पड़ी. सुपर-ओवर में हैदराबाद ने पहले बैटिंग की और आठ रन बनाए. ऐसा हुआ सुपर ओवर...

हैदराबाद की बल्लेबाजी. गेंदबाज- जसप्रीत बुमराह

पहली गेंद- मनीष पांडे ने कवर-प्वाइंट के बीच खेला. दूसरा रन लेने की कोशिश में रन आउट हुए. (हैदराबाद: 1 रन) दूसरी गेंद- आईपीएल-12 में अपना पहला मैच खेल रहे मार्टिन गुप्टिल ने एक रन लिया. (हैदराबाद: 2 रन)

तीसरी गेंद: मोहम्मद नबी ने मिडविकेट बाउंड्री पर छक्का लगाया. (हैदराबाद:8 रन)

चौथी गेंद: जसप्रीत बुमराह ने मोहम्मद नबी को यार्कर पर बोल्ड किया. (हैदराबाद:8 रन)

मुंबई की बल्लेबाजी. गेंदबाज- राशिद खान पहली गेंद: हार्दिक पांड्या ने लॉन्गऑफ में छक्का लगाया. (मुंबई: 6 रन) दूसरी गेंद: हार्दिक पांड्या ने मिडविकेट पर गेंद को पुश कर एक रन लिया. (मुंबई- 7 रन)तीसरी गेंद: कीरोन पोलार्ड ने मिडविकेट पर खेलकर दो रन बनाए. मुंबई जीता. (मुंबई:9 रन)यह आईपीएल-12 (IPL-12) का दूसरा टाई मैच था. इससे पहले फिरोजशाह कोटला स्टेडियम में खेले गए मैच में मेजबान दिल्ली और कोलकाता का मैच बराबरी पर छूटा था. इसके बाद दिल्ली की टीम ने सुपर-ओवर में मैच जीता था. दिलचस्प बात यह है कि सुपर-ओवर जीतने वाली दोनों टीमें (मुंबई और दिल्ली) प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं. जबकि सुपर-ओवर हारने वाली दोनों टीमों (हैदराबाद-कोलकाता) के बीच प्लेऑफ की चौथी टीम के लिए मुकाबला है.

# शाहिद अफरीदी ने किया सबसे बड़े झूठ का खुलासा, कहा- मेरी उम्र वो नहीं, जो सब जानते हैं

नई दिल्ली: **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी (Shahid Afridi) उन क्रिकेटरों में से एक हैं, जो अपने खेल से ज्यादा विवादों के कारण चर्चा में रहे हैं. अपनी आदत के अनुसार एक बार फिर यह खिलाड़ी क्रिकेट के इतर अन्य कारणों से चर्चा में है. इस बार उन्होंने अपने ही बारे में एक झूठ का खुलासा किया है. अफरीदी ने अपनी आत्मकथा 'गैम चैंजर' (Game Changer) में माना है कि वे अपने क्रिकेट करियर में अभी तक उम्र छुपाते हुए आए थे. उन्होंने लिखा है कि आधिकारिक दस्तावेजों में उनकी गलत उम्र दर्ज है.

वेबसाइट क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, अफरीदी ने



अपन

ी आत्मकथा मे लिखा है कि वह 1975 में जन्मे थे, ना कि 1980 में. हालांकि पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने अपनी जन्मतिथि का महीना और दिन नहीं बताया है. लेकिन एक बात साबित हो गई है कि अफरीदी अभी तक झूठी उम्र के साथ क्रिकेट खेल रहे थे. आधिकारिक दस्तावेज में अफरीदी का जन्म एक मार्च 1980 दर्ज है. शाहिद अफरीदी ने 398 वनडे, 99 टी20 और 27 टेस्ट मैच खेले हैं. शाहिद अफरीदी ने 1996 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था. तब उनकी उम्र 16 साल की बताई गई थी. अफरीदी ने अपनी आत्मकथा में लिखा है, 'तब मैं रिकार्ड में 19 साल का था ना कि 16 साल. मेरा जन्म 1975 में हुआ है. हां अधिकारियों ने मेरी उम्र गलत दर्ज की थी.' शाहिद अफरीदी ने इसी बयान के साथ स्थिति को और अस्पष्ट कर दिया है. एक तरफ वे कह रहे हैं कि उनका जन्म 1975 में हुआ है. इस लिहाज से जब उन्होंने पदार्पण किया तब वे 20 या 21 साल के थे. जबकि, अफरीदी खुद अपनी किताब में कह रहे हैं कि तब वे 19 साल के थे. अब सवाल यह है कि अफरीदी अपने अभी तक अपनी उम्र को लेकर चुप्पी क्यों साध रखी थी? अब जबकि उन्होंने अपनी असल उम्र का खुलासा खुद कर दिया है तो क्या आईसीसी इस संबंध में कोई फैसला लेगा? अफरीदी ने 2016 टी20 विश्व कप के बाद संन्यास ले लिया था.

# रोमांचक जीत से मुंबई इंडियन्स ने SRH को हराकर प्लेऑफ में बनाई जगह

मुंबई। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई इंडियन्स ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद को गुरुवार को यहां सुपरओवर में पराजित करके आईपीएल 2019 के प्लेऑफ में जगह बनाने के साथ शीर्ष दो में पहुंचने की उम्मीदों को भी पंख लगाये। क्विंटन डिकाक ने 58 गेंदों पर नाबाद 69 रन बनाये लेकिन इसके बावजूद मुंबई इंडियन्स पांच विकेट पर 162 रन तक ही पहुंच पाया। डेविड वार्नर की अनुपस्थिति में मनीष पांडे ने हैदराबाद के लिये अहम भूमिका निभायी। उन्होंने 47 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 71 रन बनाये जिससे हैदराबाद भी छह विकेट पर 162 रन तक पहुंच गया। पांडे ने हार्दिक पंड्या की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर मैच को सुपर ओवर तक पहुंचाया। हैदराबाद के लिये मोहम्मद नबी की 20 गेंदों पर 31 रन की पारी भी महत्वपूर्ण साबित हुई जिसमें अंतिम ओवर में जमाया गया छक्का भी शामिल है। सुपरओवर में पांडे पहली गेंद पर रन आउट हो गये। नबी ने जसप्रीत बुमराह की तीसरी गेंद पर छक्का लगाया लेकिन वह चौथी गेंद पर बोल्ड हो गये। मुंबई को जीत के लिये नौ रन चाहिए थे। हैदराबाद की तरफ से राशिद खान ने गेंद थामी। हार्दिक ने उनकी पहली गेंद पर छक्का लगाया और मुंबई केवल तीन गेंदों पर लक्ष्य तक पहुंच गया। मुंबई की यह 13 मैचों में आठवीं जीत है और उसने 16 अंकों के साथ न सिर्फ प्लेऑफ में जगह सुरक्षित की बल्कि शीर्ष दो में जगह बनाकर फाइनल के लिये दो मौके पाने की उम्मीदें भी बढ़ा दी। हैदराबाद के लिये प्लेऑफ की राह मुश्किल हो गयी है और उसे अब रायल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिये अपने आखिरी मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इस मैच में गेंदबाजों ने दबदबा बनाया। खलील अहमद (42 रन देकर तीन) हैदराबाद के सबसे सफल गेंदबाज रहे। नबी (24 रन देकर एक) और भुवनेश्वर कुमार (29 रन देकर एक) ने भी विकेट हासिल किये। मुंबई के लिये जसप्रीत बुमराह (चार ओवर में 31 रन देकर दो) तथा पंड्या बंधुओं हार्दिक (दो ओवर में 20 रन देकर दो) और क्रुणाल (चार ओवर में 22 रन देकर दो) ने दो . दो विकेट लिये।

# मुंबई में छाए मनीष पांडे, देखें कैसे पहुंचाया हैदराबाद की टीम को सुपर ओवर में

**नई दिल्ली: एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक और बहुत ही रोमांचक मैच देखने को मिला जहां सुपर ओवर में मुंबई ने हैदराबाद को मात दे दी. इस मैच के सुपर ओवर में जाने की कहानी भी बहुत ही रोमांचक रही और हैदराबाद के मनीष पांडे ने अपनी टीम को अंतिम ओवर में हार से बचाते हुए टीम को सुपर ओवर में पहुंचाने का काम कर दिया. पांडे ने मैच की आखिरी गेंद पर शानदार छक्का लगा कर मैच टाई करा दिया.



### रोहित के बल्लेबाजों को बांधा हैदराबादी गेंदबाजों ने

मैच में मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में तमाम कोशिशों के बावजूद केवल 5 विकेट खोकर 162 रन ही बना सकी. हैदराबाद के गेंदबाजों ने मुंबई के बल्लेबाजों की एक न चलने दी और उन्हें खुल कर बड़े शॉट्स नहीं लगाने दिए. मुंबई की ओर से क्विंटन डि कॉक ने बैट कैरी किया लेकिन वे 58 गेंदों में केवल 69 रन ही बना सके

### मनीष पांडे ने हैदराबाद को मैच में बनाए रखा

हैदराबाद के लिए 163 का लक्ष्य आसान नहीं था क्योंकि सब जानते थे कि मुंबई की गेंदबाजी कितनी कसी हुई होने वाली है. ऐसा हुआ भी और 19वें ओवर तक हैदराबाद की टीम पांच विकेट खोकर 146 रन बना पाई थी. अब आखिरी ओवर में टीम को जीत के लिए 17 रन चाहिए थे. लेकिन हैदराबाद के लिए अच्छी बात यह थी कि मनीष पांडे 44 गेंदों पर 62 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे.

### आखिरी ओवर में उतार-चढ़ाव भरी पहली चार गेंद

मुंबई की ओर से आखिरी ओवर फेंक रहे हार्दिक पांड्या की पहली दो गेंदों पर मोहम्मद नबी और मनीष पांडे एक एक रन ही ले सके. तीसरी गेंद पर मोहम्मद नबी ने छक्का लगाकर हैदराबाद को मैच में वापस ला दिया, लेकिन अगली गेंद पर हार्दिक ने नबी को वाइड लॉन्ग ऑफ पर सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराकर मुंबई की वापसी करा दी.

### आखिरी दो गेंदों का तनाव

इस समय हैदराबाद को दो गेंदों में जीत के लिए 9 रन चाहिए थे. मनीष पांडे ने ओवर की पांचवी गेंद पर दो रन ले लिए. अब आखिरी गेंद पर जीत के लिए 7 रन की जरूरत थी लेकिन एक छक्का लगाकर मनीष मैच को सुपर ओवर में पहुंचा सकते थे. हार्दिक ने आखिरी गेंद फुल लेंथ डाल दी. इस पर मनीष ने मिड विकेट बाउंड्री पर छक्का लगा डाला और स्कोर 162 रन कर सुपर ओवर की नौबत ला दी.

### सुपर ओवर की जंग में हलका पड़ा हैदराबाद

इसके बाद सुपर ओवर में जसप्रीत बुमराह ने हैदराबाद की ज्यादा चलने न दी. पहली ही गेंद पर मनीष पांडे रन आउट हो गए और उसके बाद नबी के हाथों छक्का खाने के बाद बुमराह ने ओवर की चौथी गेंद पर उन्हें बोल्ड कर सुपर ओवर चौथी गेंद पर ही खत्म कर दिया.